तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025



11 शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने समझा ...





12 मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी ने चलाया नशा मुक्त ...






## खबर संक्षेप



### विजय दिवस को लेकर शहीद स्मारक में तैयारी जारी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को भारतीय विजय दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए पूर्व सैनिक संगठन द्वारा तैयारी की जा रही है। 16 दिसंबर के दिन शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा गया है। इस दिन अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उक्त जानकारी अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने दी है।

### देशी प्लेन शराब बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने एक बाइक सवार के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काले सिल्वर रंग की अपाचे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 7563 में शराब रखकर बिक्री करने हेतु ले जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने ग्राम मुडागांव तिराहा के पास पहुंचकर घेराबंदी की। कुछ देर बाद उक्त बाइक सवार वहां आया। जिसे रोककर पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपना नाम प्रेमलाल साहू पिता महेश साहू उम्र (34 वर्ष) कौहाकुडा थाना पिथौरा होना बताया। संदेही के कब्जे में एक काले रंग के बैग में 55 पौवा देशी प्लेरन शराब (शोले) कीमत करीबन 4400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# शहीद वीर नारायण के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगाः शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

## आदिवासी समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर किया गौरवान्वित

अमर शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आदिवासी गोंड़ समाज मॉवली महासभा सिंगारपुर के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन ने कहा छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीरनारायण सिंह का जीवन सबके लिए प्रेरणादायक है। सोनाखान के वीर नारायण सिंह ने गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। वहीं उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। श्री शर्मा ने कहा कि आज हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम जीयें तो देश के लिए और मरें तो भी देश के लिये। शहीद वीरनारायण सिंह ने सोनाखान की धरती में जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था। आज भी देश में जब आदिवासी बलिदान की चर्चा होती है तो शहीद वीरनारायण सिंह का नाम सबसे पहले याद किया जाता है।

छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की जनता में देशभक्ति की भावना का संचार किया। सन-1856-57 के भयानक अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया और अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने समाज के लोगो से कहा कि किसी भी ▸▸ शेष पेज 11 पर



### ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष मावली महासभा बंशीलाल नेताम, जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, अमर मंडावी, अगेश्वर छेदइहा, जागेश्वर मरावी, राजेश नेताम, चंद्रशेखर ध्रुव, तीजराम ध्रुव, पुसउराम ध्रुव, कृपा राम ध्रुव, संतोष ध्रुव, नरेश ध्रुव,रिखीराम पोर्ते, पवन वर्मा, कनक मनहरे, संगीता नेताम, सुंदर साहू, दिनेश साहू, सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## संस्कार हॉस्पिटल कटगी का मामला, बिना पंजीकृत डाक्टर के अस्पताल का हो रहा था संचालन

# रिटायर्ड नर्स व 12वीं पास डाक्टर के इलाज से जच्चे-बच्चे की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

गर्भवती महिला की गलत डिलीवरी और संस्कार हास्पिटल कटगी में सही इलाज नहीं होने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रिटायर्ड नर्स के डिलीवरी करने से नवजात की मौत हो गई। उसके बाद संस्कार अस्पताल में 12वीं डाक्टर के इलाज से प्रसूता की मौत हो गई। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मर्ग क्रमांक 32/2025 मृतिका अंजू प्रजापति के प्रकरण की जांच एवं पूछताछ की गई। पूछताछ में पाया गया कि अंजू प्रजापति गिलौरी निवासी गर्भवती थी, जिसे दिनांक 08.06.2025 की शाम करीबन 6 बजे प्रसव पीड़ा प्रारंभ होने पर एक रिटायर्ड नर्स के पास लेकर आए। रिटायर्ड नर्स द्वारा गर्भवती का लापरवाहीपूर्वक डिलीवरी कर दिया गया, जहां बच्चा मृत पैदा हुआ। इस दौरान नवप्रसूता को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। जिसे नर्स द्वारा उचित उपचार का संस्थान ना बताते हुए संस्कार हॉस्पिटल कटगी ले जाने कहा गया। अंजू प्रजापति को संस्कार हॉस्पिटल कटगी लाने पर दुखित साहू को अस्पताल में 2 घंटे भर्ती कर लापरवाहीपूर्वक ईलाज किया गया। जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई तो अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रसूता को जिला अस्पताल बलौदाबाजार ले जाने को कहा गया। जिला अस्पताल में अंजू को मृत घोषित कर दिया गया।



### मर्ग जांच के बाद थाना गिधौरी में अपराध दर्ज

प्रकरण में दिनांक 14.12.2025 को प्रार्थी दुर्गेश पटेल निवासी ग्राम कुम्हारी की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में अपराध क्र. 273/2025 धारा 105,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्रवाई प्रारंभ किया गया। जिसमें यह पाया गया कि अंजू प्रजापति का डिलीवरी के दौरान लापरवाहीपूर्वक इलाज करते हुए उसका अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। तत्पश्चात संस्कार हॉस्पिटल कटगी में आरोपी दुखित साहू द्वारा केवल 12वीं पास होते हुए भी इलाज के संबंध में कोई विधि संबद्ध दस्तावेज नहीं होने के बावजूद मृतिका का इलाज किया गया।

### फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

जिससे मृतिका अंजू प्रजापति की मृत्यु हो गई। संस्कार हॉस्पिटल के संचालक जोहित राम साहू एवं अन्य द्वारा पंजीकृत डॉक्टर की नियुक्ति नहीं कर, हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा था। प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी जोहित साहू एवं दुखीत राम साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अंजू प्रजापति का लापरवाहीपूर्वक ईलाज करना स्वीकार किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## संडी बंगला में सतनाम संदेश यात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

सतनामी समाज द्वारा 15 दिसम्बर सोमवार को सतनाम संदेश यात्रा संडी बंगला के हृदय स्थल गुरु घासीदास सतनाम गुरु द्वारा के गुरु गद्दी से 12 बजे आरती वंदन कर मुख्य मार्ग बस स्टैंड, चौक से खरतोरा चौक पहुंचेगी। खरतोरा चौक होते हुए वापसी गुरु घासीदास सतनाम गुरु द्वारा भवन में समापन किया जाएगा।



सतनाम संदेश यात्रा में शामिल होने असम राज्य का डिबरूगढ जिला से जसीला सतनामी विशेष रुप से सतनाम संदेश यात्रा में शामिल होगे, ग्राम का वटगन पंथी दल व ग्राम भैंसा अखाड़ा दल शौर्य प्रदर्शन करेंगे जो प्रमुख आकर्षण होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में मुख्य रूप से महेंद्र सुरतांगे, हिमेश चेरियन, अजय मारकंडे, हर्ष चेलक, नितेश टंडन, तिलोचन चतुर्वेदी, देव प्रसाद मारकंडे, राजू मनहरे, मनीष सोनकेवरे, संदीप चतुर्वेदी, मंजित चतुर्वेदी, शुभम चेरीयन, विक्रम टंडन, अनास मनहरे, अरमान मनहरे, सुमित मनहरे, देवा टंडन, रोहित पुरेना, ईशवर पुरेना, संदीप टंडन, संतोष टंडन, आजू टंडन एवं समस्त सतनामी समाज संडी बंगला तैयारी में लगा हुआ है।

### पलारी में जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 16 को

पलारी । जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता का आयोजन 16 एवं 17 दिसंबर को सतनाम भवन, पलारी में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की गौरवशाली लोक संस्कृति पंथी नृत्य के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु यह आयोजन आदिम जाति कल्याण विभाग, बलौदाबाजार–भाटापारा के सहयोग से संपन्न हो रहा है। जिसमें सामाजिक बंधुओं, पंथी दलों एवं जिलेवासियों से सपरिवार पधारने का अनुरोध आदिम जाति कल्याण विभाग बलौदाबाजार ने किया है। पंथी प्रतियोगिता में पंजीयन मण्डल संयोजक एमपी बांधे मोबाइल, महेश ढीढी अध्यक्ष, सतनामी समाज पलारी, अधीक्षक कुंजबिहारी भारद्वाज के पास किया जा सकता है ।

## करहीबाजार मड़ई मेले में पुलिस की सख्त निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

करहीबाजार में 2 दिवसीय मड़ई मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान मड़ई मेला कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ थी। इस भीड़ में युवा वर्ग भी काफी संख्या में शामिल हुए थे। मड़ई मेला कार्यक्रम के दौरान समुचित शांति व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध आदेशित किया गया था। इस दौरान पुलिस बल द्वारा मड़ई मेला कार्यक्रम में उपस्थित विशेषकर युवा वर्ग का चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें युवाओं द्वारा अपने हाथों में लोहे का चूड़ा एवं कड़ा पहना पाया गया। जप्त किए गए कई लोहे के चूड़े में धार लगी हुई थी, जो की एक अत्यंत धारदार घातक हथियार के रूप में प्रतीत हो रहा था। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की अपील शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस का सदैव सहयोग करें, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा शरारती तत्वों के संबंध में जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

■ युवा वर्ग पर चला विशेष चेकिंग अभियान





### 500 से अधिक धारदार लोहे के कड़े जब्त

किसी भी वाद विवाद तथा लड़ाई झगड़े की स्थिति में उक्त चूड़े का उपयोग एक घातक हथियार के रूप में किया जा सकता था, जिसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस बल द्वारा लगातार चेकिंग करते हुए युवाओं के हाथों में पहने गए इस लोहे के चूड़ा एवं कड़ा को निकलवाना प्रारंभ किया गया और देखते ही देखते पुलिस टीम द्वारा चेकिंग कार्यवाही कर कुल 500 नग धारदार लोहे का कड़ा एवं चूड़ा जप्त किया गया है।





## कचरा निपटान केंद्र ना होने के कारण दुर्गंध से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में ई रिक्शा गाड़ी के माध्यम से 20 वार्डो से घर-घर पहुंच कर कचरो का कलेक्शन किया जा रहा है। कचरा उठाने के कार्य को प्रत्येक दिन तो किया जा रहा है। साथ ही कलेक्शन हुए कचरे को टोनाटार मार्ग के किनारे अस्थाई रूप से डंप किया जा रहा है। जिससे सूखा व गीले कचरे से दुर्गंध आने के कारण राह चलते राहगीरों को नाक सिकुड़कर आवागमन करना पड़ रहा है। जिससे कई प्रकार ▸▸ शेष पेज 11 पर

■ 20 वार्डों से ई-रिक्शा के माध्यम से कचरा एकत्रित किया जा रहा



### कचरा संग्रहण की स्थिति गंभीर

पंचायत द्वारा विशेष ध्यान न देते हुए अस्थाई क्षेत्र में कचरे को डंप किया जा रहा है जो दुर्गंध का कारण बना हुआ है। टोनाटार मार्ग किनारे बड़ी दुर्गंध के कारण जाने वाले राहगीरों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कविता ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी ने कहा कि समस्या को देखते हुए पंचायत प्रयासरत है एवं जल्द ही कचरा के निपटान हेतु मणि कंचन केंद्र का निर्माण हेतु शासन से मांग किया जाएगा।




## खबर संक्षेप



### डॉ. महंत को डॉ. रेणु ने दी जन्मदिन की बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत के जन्मदिन पर पूर्व विधायक डॉ. रेणु जोगी ने उन्हें शिष्टाचार भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. जोगी ने अपने शुभकामना संदेश में डॉ. महंत के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने डॉ. महंत द्वारा जनहित में किए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। इस मौके पर दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच आपसी सौहार्द्र एवं राजनीतिक शिष्टाचार का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। डॉ. महंत ने भी डॉ. जोगी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसानों के लिए तुंहर टोकन ऐप अब 24 घंटे उपलब्ध

**रायपुर।** प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तुंहर टोकन ऐप को अब 24×7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है।

### महाराजबंध तालाब से निकाले विसर्जित प्रतिमाओं के अवशेष



**रायपुर।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का स्वच्छता अभियान तीसरे दिन भी पूरे जोश और ऊर्जा के साथ जारी रहा। संस्था के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शनिवार सुबह 7.30 बजे से ही संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में तालाब पहुंचे और श्रमदान करते हुए तालाब में जमा प्लास्टिक, पॉलीथिन, जलकुंभी तथा विसर्जन सामग्री बाहर निकाली। कई झांकियों के ढांचे और भारी मात्रा में कचरा तालाब से निकाला गया। अभियान को देखते हुए नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर विनोद पांडेय स्थल पर पहुंचे और अपनी टीम के साथ सफाई कार्य में सहयोग दिया। उनकी पहल पर घाट से जेसीबी मशीन से मलबा निकाला गया। उन्होंने ग्रीन आर्मी की इस पहल की सराहना करते हुए निगम की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा समेत बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी-सदस्य एवं वार्ड के रहवासी सफाई अभियान में शामिल हुए।

### डॉ. निरुपमा को घाना से मिली पीएचडी की मानद उपाधि



**रायपुर।** मनोविज्ञान के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए डॉ. निरुपमा परिहार को ग्लोबल समिट दिल्ली में वेबिक विश्व विद्यालय घाना द्वारा मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। वे मनोस्वास्थ्य चिकित्सक डॉ. डोगेंद्र परिहार की पत्नी और छग राज्य निर्माण भागीरथी समाजसेवी डॉ. उदयभान सिंह चौहान की सुपुत्री हैं।

# राष्ट्रवादी प्रवक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का नगर आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**हिंदुओं को संगठित करने की दिशा**

- हिंदुओं को संगठित करने की दिशा कर रहे लगातार प्रयास

में प्रयास रत सर्व हिंदू समाज द्वारा 27 नवंबर को डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के उद्बोधन कार्यक्रम पश्चात इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आज प्रखर राष्ट्रवादी प्रवक्ता एवं विचारक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का आज महासमुंद में आगमन होने जा रहा है। कुलश्रेष्ठ प्रखर राष्ट्रवाद तथा हिन्दुत्व प्रवर्तक होने के साथ पूरे देश में उनकी पहचान सच्चे राष्ट्रभक्त, ओजस्वी वक्ता तथा राष्ट्रवादी चिंतक और विचारक के रूप में है। कुलश्रेष्ठ ने भारतीय संविधान से अनुच्छेद 370 तथा 35 ए को हटाने के लिये भी निरंतर संघर्षरत रहे हैं। पूर्व में कुलश्रेष्ठ बीबीसी में सेवारत रहे है तथा वे प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया के महासचिव भी रह चुके हैं।

### आज सिरपुर पहुंचेंगे कुलश्रेष्ठ

पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ आज सोमवार को सिरपुर भ्रमण पश्चात सर्किट हाऊस पहुंचेंगे और रात्रि 8 बजे से 10:30 बजे तक विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट और चर्चा करेंगे। 16 दिसंबर को सुबह 10 बजे भेंट कार्यक्रम में वे पत्रकारों से भी मुलाकात पश्चात विभिन्न सामाजिक संगठनों से मुलाकात करेंगे। 12 बजे गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के छात्रों एवं अन्य महाविद्यालयीन छात्रों को सम्बोधित करेंगे। संध्या 5 बजे शंकराचार्य भवन (बागबाहरा रोड) में उनका उद्बोधन कार्यक्रम होना है। पश्चात 17 जनवरी को सुबह विभिन्न सामाजिक संगठनों से मुलाकात के बाद माना एयरपोर्ट रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।




### जनप्रतिनिधियों की घटती भूमिका चिंतनीय

धर्म के नाम पर सत्ता में आने के बाद राष्ट्रवादी और अन्य कई मामलों में राजनितिक पदाधिकारियों की घटती भूमिका के प्रश्न के जवाब में कहा कि सत्ता प्राप्ति के बाद ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों का असहयोगी हो जाना सही नहीं। हिंदुत्व के मामले में भाजपा के हो या कांग्रेस के सभी सभी दल एकजुट हैं। भरत चंद्राकर ने कहा कि 12 साल में 150 परिवारों की घर वापसी और 23 लव जिहाद के मामलों में से 19 बालिकाओं को वापस अपने परिवार तक पहुंचाने में सफलता पाई है। पत्रकार वार्ता के दौरान बताया गया कि दो सालों के अथक प्रयासों के बाद पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ के कार्यक्रम की तिथी मिल पाई है जो जिले सहित सर्व हिंदू समाज के लिए गौरव का विषय है। प्रेस वार्ता के दौरान भरत चंद्राकर, रितेश गोलछा, भरत साहू, प्रमोद चंद्राकर, अग्रज शर्मा, देवेंद्र दुबे, संजय यादव, सुमन सेंद्रे मौजूद रहे।

**पहली सूची के अप्रैल में आने के बाद से ही दूसरी सूची का हो रहा है इंतजार**

# भाजपा नेताओं को अब निगम, मंडल में नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के भाजपा नेताओं को निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में अब नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना है। पहली सूची इस साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी। पहले संभावना जताई जा रही थी कि दूसरी सूची भी जल्द आएगी, लेकिन सूची के लिए इंतजार लंबा होता गया और चैत्र नवरात्रि में दूसरी सूची आने की बात सामने आई। अब तो नवरात्रि क्या दीपावली भी निकल गई पर अब तक दूसरी सूची नहीं आई है। वैसे दूसरी सूची के ज्यादातर पदों के लिए नामों पर मंथन हो गया है और राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा भी हो गई है, लेकिन सूची जारी कब होगी, यह किसी को मालूम नहीं है। अब यह संभावना जताई जा रही है जो होगा नए साल में ही होगा।

प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। इधर भाजपा के प्रदेश संगठन का विस्तार भी चल रहा है। ऐसे में कई नेताओं को यहां भी पद मिल रहे हैं। संगठन का विस्तार इस माह के अंत तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद ही नए साल में निगम, मंडल, आयोग की कुर्सी बंटेगी।



### संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी बाकी

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री श्री साय के विदेश प्रवास पर जाने से पहले अगस्त में विस्तार हो चुका है। प्रदेश सरकार ने तीन नए मंत्री बनाए हैं। मंत्रिमंडल में जिनको स्थान नहीं मिल सका है, उन नए विधायकों की नजरें अब संसदीय सचिवों के पदों पर हैं। इनकी नियुक्ति भी अब नए साल में ही होने की संभावना है।

### 8 माह बाद सदस्यों की नियुक्ति भी नहीं

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें नियुक्ति के लिए भी आठ माह से इंतजार हो रहा है, लेकिन इसमें भी नियुक्ति नहीं हो सकी है।

# एशियन यूथ पैरा गेम्स में महासमुंद के सुखदेव ने 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 का आयोजन दुबई में 7 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय टीम विभिन्न खेलों में शामिल रहीं। पैरा एथलेटिक्स खेल में शामिल होने महासमुंद जिले के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव केंवट (छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहीद कौशल यादव पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी) एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी निखिल कुमार यादव शामिल हुए। निखिल यादव पिता दाऊ लाल यादव एवं सुखदेव पिता छत्रपाल केंवट फॉर्चून नेत्रहीन उमावि कर्मापटपर बागबाहराकला बागबाहरा में अभ्यास करते हुए वर्तमान में दोनों खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) बेंगलुरु में पैरा एथलेटिक्स खेल का अभ्यास कर दुबई के लिए चयनित हुए। सुकदेव टी 11 कैटेगरी वर्ग में 400 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में शामिल हुए तथा टी 12 कैटेगरी वर्ग में 800मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में निखिल यादव शामिल हुए।

- एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई में सुखदेव ने 800 मीटर एवं 1500 मीटर में जीता स्वर्ण पदक

खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक राहुल बालाकृष्णन एवं गाइड रनर वेंकटेश शामिल रहे। दुबई में सुखदेव ने 02 स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। जिसमें 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक एवं 400 मीटर दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त किया। शुकदेव ने एशियन पैरा एथलेटिक्स गेम्स में 02 स्वर्ण पदक जीतकर देश, प्रदेश व जिले को गौरवान्वित किया है। निखिल यादव ने एशियन पैरा एथलेटिक्स में 800 मीटर एवं 1500 मीटर में चौथा स्थान प्राप्त किया।

# सत्ता के नाम सट्टा खिलाने वालों के समय विकास अवकाश पर था : ठोकने





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा, कांग्रेस शासनकाल में सत्ता के नाम सट्टा खिलाने वालों के समय विकास अवकाश पर था। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो वर्ष के उपलब्धिपूर्ण कार्यकाल से कांग्रेस परेशान हो गई है।

श्री ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के जड़ से सफाए से लेकर सर्वतोमुखी विकास और लोक कल्याण के कार्यों व योजनाओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के उन संकल्पों की सिद्धि की प्रामाणिकता को स्थापित किया है, जो मोदी की गारंटी के तहत भाजपा ने व्यक्त किए थे। श्री ठोकने ने कहा, कांग्रेस खेमे में पसरा सन्नाटा यह बताने के लिए पर्याप्त है कि कांग्रेस ने भी यह मान लिया है कि विकास, जनकल्याण और योजनाओं के लिहाज से प्रदेश की भाजपा सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक उपलब्धियों का दस्तावेज है और कांग्रेस इस सरकार के कामकाज को लेकर मिथ्या प्रलाप करने की स्थिति में रह ही नहीं गई है। श्री ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ में 36 खेमों में बंटी कांग्रेस मुद्दों और नेतृत्व के संकट से गुजर रही है और कांग्रेस रूपी नाव को छत्तीस पतवारों से अपने-अपने हिसाब से सभी नेता चला रहे हैं। हालत इतनी दयनीय हो गए है कि कांग्रेस के नेता एसआईआर को भी गंभीरता से नहीं ले पा रहे हैं। कांग्रेस अब तक अपने बीएलए-1और बीएलए- 2 भी पूरी तरह तैनात नहीं कर पाई है।

# स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी मुफ्त में चेक की जाए

**उपभोक्ताओं की शिकायत पर कांग्रेस ने उठाई मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, बिजली बिल सरकार प्रायोजित लूट का उदाहरण है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है। स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सकें।



चेक मीटर का प्रावधान पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया है। यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए। किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है।

यह प्रावधान सरकार ने गड़बड़ी छिपाने के लिए की है। शुल्क का प्रावधान तत्काल वापस ले सरकार। उन्होंने कहा, 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दी कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे हैं। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एफपीपीएस) के रूप में अतिरिक्त चार्ज लगाने जा रही, इससे बिजली के दाम एक बार फिर से बढ़ेंगे। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है।

**मुख्यमंत्री साय करेंगे उद्घाटन**

# आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 से मेगा हेल्थ कैंप

**दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर देंगे सेवा**




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 दिसंबर से पांच दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सेवाएं देंगे।

रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्घाटन 18 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। मेगा हेल्थ कैंप में विनय मित्र मंडल के माध्यम से दिव्यांगों को कृत्रिम जयपुर पैर, हाथ कटे दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ बनाकर दिए जाएंगे, साथ ही श्रवण यंत्र, ट्राइसिकल, वैशाखी भी प्रदान की जाएगी। राजेश मूणत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया किमेगा हेल्थ कैंप में कैंसर, हृदय रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, बांझपन उपचार, आयुर्वेद और अन्य विधाओं से जुड़े डॉक्टरों की टीम निःशुल्क जांच, परामर्श, उपचार और दवाइयों का वितरण करेगी।

कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत केरकर और डॉ. आयुषी गोयल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मयूर जैन और डॉ. रमेश कवाड़ समेत देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हसके, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता प्रफुल्ल विश्वकर्मा, रमेश सिंह ठाकुर, छगन मूंदड़ा, शिविर के कोआर्डिनेटरर शैलेश खंडेलवाल उपस्थित रहे।

**बैज बोले– घुसपैठिए के नाम पर काटे जा रहे विपक्षियों के वोटर**

# वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली आज दिल्ली में, छत्तीसगढ़ से 5 हजार कांग्रेसी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली में कल कांग्रेस वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली निकालेगी, जिसमें शामिल होने पीसीसी चीफ दीपक बैज दिल्ली रवाना हुए। उन्होंने एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, 14 दिसंबर को रामलीला मैदान पर रैली होगी। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया और प्रियंका गांधी समेत देशभर से तमाम बड़े नेता शामिल होंगे।

एसआईआर के विरोध में छत्तीसगढ़ से 5 हजार कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। एसआईआर पर बीजेपी के आरोप पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, घुसपैठिए कहां से आए, कैसे आए, पहले यह बताएं। केंद्र में बीजेपी की सरकार है, फिर घुसपैठिए कैसे आए। जहां-जहां चुनाव वहां घुसपैठिए के नाम पर नौटंकी की जा रही। बिहार में घुसपैठिए खत्म हो गए, अब असम बंगाल में रहेंगे। घुसपैठियों के नाम पर विपक्षियों के वोटर्स के नाम काटे जा रहे। गुलाब कमरो का नाम महेंद्रगढ़ से काटकर रायगढ़ में जोड़ दिए। बिलासपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष का नाम भिलाई में जोड़ रहे। यह सब साजिश है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बयान पर दीपक बैज ने जवाब देते हुए कहा, कांग्रेस खून पसीने से सींची हुई पार्टी है। कांग्रेस चुनाव में हार या प्रताड़ना से नहीं डरती।



### भाजपा सरकार 2 साल में ही अलोकप्रिय हो गई, प्रदेश के हर वर्ग को किया निराश

साय सरकार ने अपने 2 साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खो दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार के खिलाफ चौतरफा आक्रोश है। मोदी की गारंटी के नाम पर जनता का मत हासिल किया। 2 साल में एक भी मोदी की गारंटी पूरी नहीं की। सरकार से प्रदेश का हर वर्ग नाराज है। किसान और युवा नाराज हैं, सरकारी भर्तियां बंद हैं, जो भर्तियां हुई हैं, उसमें भ्रष्टाचार किया गया। आदिवासियों, किसानों की जमीनें जबरिया उद्योगों और खदानों के लिये अधिग्रहित की जा रही हैं। महिलाएं निराश हैं, महतारी वंदन के नाम पर उनसे धोखा किया गया। बिजली के दाम बढ़ाने, भूमि की गाइडलाइन के रेट बढ़ाने 5 डिसमिल से कम जमीनों की रजिस्ट्री बंद करने से जनता नाराज है। कोई ऐसा वर्ग नहीं जो सरकार के 2 साल के कार्यकाल से खुश हो। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया। 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो, कुटकी, रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।



### एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संशोधित कार्यक्रम की जानकारी ली और इसकी प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि इस पुनरीक्षण प्रक्रिया में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। एसआईआर प्रक्रिया में कहीं कोई दिक्कत या परेशानी होने पर तत्काल जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि निराकरण किया जा सके। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के रोल आब्र्जवर एवं भारत सरकार के संयुक्त सचिव बृजमोहन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मां-बेटी के साथ मारपीट, चार के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद। नगर के वार्ड नं. 16 शीतलापारा की एक महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में चार लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को पद्मा बाई बघेल ने बताया कि 12 दिसंबर की सुबह 9 बजे घर में अपना कर रही थी, उसी समय जेठ नेहरू बघेल, देवर हेमंत बघेल और पंचराम बघेल ने आकर गाली गलौज कर घर के शौचालय को हटाने को कहा। इसके बाद देवर हेमंत बघेल ने गुस्से में आकर बाल पकड़कर और नेहरू बघेल व पंचराम बघेल ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। प्रार्थिया ने बताया कि उसकी बेटी सोनम बघेल को पंचराम बघेल और शशि बघेल घर जाकर मारपीट किया। उसकी बेटी के सिर में डंडे से मारने से उसे चोट आई, जिसे प्रार्थिया के पति ओमप्रकाश बघेल ने जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नशामुक्ति कार्यक्रम में छात्रों एवं युवाओं को किया जागरूक

**सरायपाली**। नशामुक्ति कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक-युवती शामिल हुए। यह आयोजन प्रखंड संयोजिका नमिता साहू द्वारा किया गया। नमिता साहू ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीओपी ललिता मेहर रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला संयोजिका अनिता चौधरी एवं दुर्गा वाहिनी की जिला सह संयोजिका ललिता सिदार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नशामुक्त समाज निर्माण में महिलाओं एवं युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रगति कॉलेज की निदेशक टिलेश्वरी पटेल, कौशल विकास प्रशिक्षक सुजाता साहू, आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य हिमांशु साहू तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

### खट्टा में सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन

महासमुंद। ग्राम पंचायत खट्टा में अघरिया समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महासमुंद जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, उपसरपंच गिरीश नायक, अघरिया समाज के पदुम पटेल, हेमचंद नायक, गोपाल नायक, दिलीप नायक, राजकिशोर पटेल, गोकुल नायक, रामभजन नायक, आलेख नायक एवं ग्रामीण संचालन समिति के सदस्य रामस्वरूप दीवान, हुमेश देवांगन, महेंद्र पटेल, परदेसी राम एवं सुखदेव पटेल, पंडित गैंद तिवारी द्वारा पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।

# बारनवापारा में ऑल इंडिया टाइगर एस्टिमेशन 2026 की तैयारी शुरू

## फील्ड स्टाफ को वैज्ञानिक सर्वे तकनीकों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धमशील के निर्देशानुसार कम्पोजिट कार्यालय भवन बारनवापारा में ऑल इंडिया टाइगर एस्टिमेशन 2026 के प्रथम चरण की तैयारी हेतु परिक्षेत्र स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्टाफ को सर्वे ऐप के उपयोग एवं बाघ तथा अन्य वन्यजीवों की गणना के लिए वैज्ञानिक सर्वे पद्धतियों से अवगत कराना जिससे वन्यजीव संरक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।कार्यक्रम के दौरान अधीक्षक बारनवापारा कृषानु चंद्राकर द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण दिया





गया। उन्होंने ऐप इंस्टॉल करने एवं फील्ड में उपयोग की विधि, वन्यजीव पहचान की वैज्ञानिक तकनीक एवं लाइन ट्रांजैक्ट तथा साइन सर्वे (पगमार्क, मल, खरोंच, रैक मार्क आदि संकेतों) के आधार पर गणना पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के प्रायोगिक भाग में प्रतिभागियों को फील्ड में ले जाकर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दर्शन आधारित रिकॉर्डिंग, कंपास दिशा सूचक, रेंज फाइंडर का उपयोग, डेटा संग्रहण, मैपिंग एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया, जिससे सर्वे के दौरान सटीक आंकड़े एकत्रित किए जा सकें। कार्यक्रम में जीवन लाल साहू, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी सहित प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, बारनवापारा के फील्ड स्टाफ एवं बलौदाबाजार वनमण्डल के सभी संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## भ्रमण : मैत्री बाग और डोंगरगढ़ में मिला व्यवहारिक ज्ञान

# शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने समझा आस्था, पर्यटन और विकास का संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ के भूगोल विभाग द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का संचालन पंकज साहू (सहायक प्राध्यापक, भूगोल), नरेंद्र राकेश (ज भा शिक्षक, भूगोल) एवं रेशम चौहान (ज भा शिक्षक, हिंदी) के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें बीए, बीएससी एवं एमए कक्षाओं के कुल 47 छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की।

भ्रमण दल सर्वप्रथम मैत्री बाग भिलाई पहुँचा जहाँ विद्यार्थियों ने वन्य जीव उद्यान का अवलोकन करते हुए प्राकृतिक वनस्पति, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरणीय संतुलन एवं मानव–प्रकृति अंतर्संबंध को व्यवहारिक रूप में समझने का अवसर मिला। इसके पश्चात भ्रमण दल डोंगरगढ़ पहुँचा। यहाँ विद्यार्थियों ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर के दर्शन किए तथा इस क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक–आर्थिक विशेषताओं का अध्ययन किया। डोंगरगढ़ जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि किस प्रकार आस्था, पर्यटन एवं स्थानीय विकास परस्पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

### 47 विद्यार्थियों को मिला लाभ, भूगोल विभाग ने कराया शैक्षणिक भ्रमण




### शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों के सामान्य एवं विषयगत ज्ञान में होती है वृद्धि

इस अवसर पर भ्रमण के महत्व को रेखांकित करते हुए सहायक प्राध्यापक पंकज साहू ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सामान्य एवं विषयगत ज्ञान में वृद्धि करते हैं। उन्होंने बताया कि फील्ड आधारित अध्ययन से पर्यावरणीय शिक्षा को व्यावहारिक रूप में समझने का अवसर मिलता है तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के सामाजिक–आर्थिक महत्व की बेहतर समझ विकसित होती है। साथ ही विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग एवं नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है।

### शैक्षणिक भ्रमण पूर्णतः रहा सफलः शिक्षक

वहीं सहयोगी शिक्षक नरेंद्र राकेश ने कहा कि मैत्री बाग एवं डोंगरगढ़ का यह शैक्षणिक भ्रमण पूर्णतः सफल, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों के मानसिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक भ्रमण निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए। भ्रमण के दौरान छात्र–छात्राओं के समूह का नेतृत्व बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थी ब्यास नारायण महिलांगे, भरेंद्र साहू, दीपक साहू, सोनू साहू एवं दीपा टंडन द्वारा किया गया।

# पायलटिंग वाहन से मवेशी की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दर्जनों सुरक्षा कर्मी और वाहनों के साथ रोजाना रायपुर से आना-जाना करने वाले बस्तर टाइगर कहे जाने वाले स्व. महेंद्र कर्मा के पुत्र आशीष कर्मा के काफिले के वाहन की चपेट में आकर एक मवेशी की मौत हो गई। इस दौरान सड़क पार कर रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। डिप्टी कलेक्टर कर्मा का काफिला शुक्रवार सुबह 9.30 बजे रायपुर से आने के दौरान पायलेटिंग वाहन सीजी 04 पी आर 3303 और वाहन सीजी 03/ 6209 बीपी स्कार्पियों ने मवेशी को टक्कर मार दी।

जपं उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर को पत्र सौंपा है। पत्र में स्ट्रीट लाइट का सुधार, बंद और खराब स्ट्रीट लाइटों को तुरंत चालू कराए जाने सहित नीचे गिरे हुए लाइटों के स्थान पर नई लाइटें लगाए जाने, पेड़ों की डालियों की छंटाई की मांग की है। तेज गति रोकने के लिए तत्काल स्पीड साइनेज, स्पीड ब्रेकर, व चेतावनी बोर्ड लगाने कहा गया। डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा का मुख्यालय महासमुंद है, लेकिन वे रोजाना रायपुर से महासमुंद आना-जाना करते है। उनके काफिले में रायपुर से तीन वाहन वार्नर, पायलट और फॉलोगार्ड रोजाना घोडारी महानदी पुल तक छोड़ने और ले जाने आती है। इसी तरह घोडारी से महासमुंद पुलिस की तीन वाहन रोजाना उनको साथ लेकर आते हैं। शहर के बीच से सायरन के शोर के साथ रोज-रोज आना जाने करने वाले इस अधिकारी को लेकर आम जनता में काफी आक्रोश है। आमजनों की मानें तो महीने भर में लाखों का ईंधन, वाहन खर्च और कर्मियों का वेतन आम नागरिकों के टैक्स का हिस्सा है जिसकी रोज बर्बादी देख लोग सुझा रहे हैं। कि इतने वीर अधिकारी को सुरक्षा के साथ में भाजपा शासन राजधानी स्तर पर ही पदस्थ कर लोगों के टैक्स का पैसों को तो सुरक्षित करे।

# महीनेभर चली सिटी बस, अब 9 साल से हो रहा है बस इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




साल 2015 में महासमुंद शहर में सिटी बसें आईं। जनप्रतिनिधियों ने उसमें चढ़कर सेल्फी ली, सैर किया ये बसें एक माह चलीं और फिर बंद हो गई, जो आज तक वापस नहीं चल पाई हैं। नौ साल से महामसुंद के लोग इस बस का इंतजार कर रहे हैं। इन बसों की मांग जारी है। कॉलेज विद्यार्थी इसकी मांग लेकिन को लेकर तमाम जगहों पर जा चुके हैं, उनकी मांगें पूरी नहीं हुई।

अनेक बार प्रयास भी शहर में सिटी बसों का संचालन शुरू नहीं है। शहर में आम लोगों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से सिटी बस प्रारंभ किया। इसका लाभ लोगों को अधिक मिलने लगा था, लेकिन प्रशासन की अनदेखी और सिटी बस संचालक की लापरवाही के कारण बसों के पहिए थम गए। बता दें कि 20 नवंबर 2015 को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर सिटी बस संचालन का शुभारंभ किया। सभी बैठे, सेल्फी ली, फोटो खिंचवाई और सफर भी किया। हरी झंडी दिखाने के बाद एक महीने में ही बसें गायब हो गईं। इन बसों के शुभारंभ से 6 महीने पहले से खरोरा में सिटी बस टर्मिनल निर्माण का कार्य जोरों पर था, लेकिन यह भी अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। सिटी बस का संचालन बंद होने के बाद जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने इसे मुड़कर भी नहीं देखा। जानकारी अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सभा के दौरान एक सिटी बस का संचालन का शुभारंभ हाईस्कूल मैदान से किया था। लेकिन, शुभारंभ के बाद से ही यह बस भी शहर से गायब हो गई। कॉलेज के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शुरू की गई एक बस भी आज तक सडक़ पर दौड़ती नहीं दिखीं। फलस्वरूप आज भी कॉलेज सहित शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि शहर से महज मचेवा कॉलेज तक का ऑटो चालक स्पेशल में 100 रुपए तथा सवारी में 20 से 30 रुपए चार्ज करते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पैसे न होने की स्थिति में विद्यार्थी पैदल ही सफर करते हैं।

# महर्षि विद्या मंदिर में लगाई गई विज्ञान एवं कॉमर्स प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महर्षि विद्या मंदिर मचेवा शनिवार को विज्ञान एवं कॉमर्स प्रदर्शनी एवं फूड फेस्ट आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें नवाचार, रचनात्मकता और सामुदायिक सहयोग की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ।

- फूड फेस्ट आनंद मेला का भी हुआ आयोजन, जिला शिक्षा अधिकारी हुए शामिल

कार्यक्रम प्रभारी के रूप में संदीप शर्मा ने कमान संभाली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय लहरे जिला शिक्षा अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नंद किशोर सिन्हा सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी एवं माता कर्मा महाविद्यालय से कॉमर्स के विभागाध्यक्ष मनोज शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण के बाद विधिवत गुरु पूजन से प्रारंभ किया गया। गुरु पूजन को विधिवत करवाने का कार्य विद्यालय के सिद्धि शिक्षक सुभाष पांडेय द्वारा किया गया। पश्चात अतिथि देवो भवः की सुंदर परंपरा को निभाते हुए समस्त अतिथिगण को फल एवं शॉल से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात स्वागत उद्बोधन में शाला के प्राचार्य ने बताया विद्यालय के छात्रों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या- समाधान कौशल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अंत में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया तथा वैज्ञानिक शिक्षा को वास्तविक जीवन के प्रयोग और रचनात्मकता से जोड़ने के महत्त्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी बच्चों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की एवं गुरु की महिमा के बारे बताते हुए सभी वद्यार्थी से अपने गुरुओं का सम्मान करने की बात कही। तत्पश्चात समस्त अतिथिगण एवं प्राचार्य द्वारा विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी भी किया गया। विज्ञान एवं कॉमर्स प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों द्वारा मॉडल प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा वर्किंग माडल बनाए गए थे। वहीं आनंद मेला में पारंपरिक पकवान बनाकर स्टाल लगाया गया था, जिसे समस्त अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने छात्रों के प्रदर्शन को भूरि-भूरि प्रशंसा किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी के व्याख्याता नंदकुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन कॉमर्स के व्याख्याता गोविंद सिंह ठाकुर ने किया।



## पेज 9 के शेष

### शहीद वीर नारायण के

समाज की पहचान उसकी आर्थिक प्रगति से नहीं बल्कि जागरुकता से होती है, आदिवासी समाज अपनी श्रेष्ठ संस्कृति और उत्कृष्ट परम्परा से पहचानी जाती है। इस समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर प्रदेश ही नही देश को भी गौरवान्वित किया है। आदिवासी समाज तथा इस समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने राजसिंहासन त्यागकर देशहित में अपने प्राणों की आहुति देकर देशवासियों को नया संदेश दिया है।

### कचरा निपटान केंद...

की गंभीर बीमारियों की उत्पन्न होने की समस्या बनी हुई है। वही मवेशी भी पालीथीन को खा रहे हैं। कचरा निपटान हेतु मणि कंचन केंद्र की स्थाई व्यवस्था करने की आवश्यकता है। जिससे खुले में फेंक रहे कचरे को स्थाई स्थान पर रखा जा सके ताकि सूखे एवं गीले कचरो का निपटान होता रहे।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य तेजी से जारी, लक्ष्य के काफी करीब जिला

# चार दिन के भीतर फॉर्म जमा नहीं हुए तो विलोपित हो जाएगा मतदाता सूची से नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में भी मतदाता पुनरीक्षण का कार्य तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है। चार दिन के भीतर फॉर्म नहीं जमा करने वाले मतदाताओं के नाम विलोपित हो जायेंगे। ऐसे में मतदाता भी अपनी सभी जानकारियां देते नजर आ रहे हैं। तो वहीं दूसरी और घर घर बीएलओ पहुंच तो रहे हैं, लेकिन वर्ष 2003 की जानकारी सुलभ होने के बावजूद फॉर्म में जानकारी पूरी करने बार-बार घर जाना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है इसके लिए जिले में भी अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में गणना पत्र भरने की तिथि 4 नवम्बर से 4 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। जिसे बाद में बढ़ाकर 11 दिसंबर तक कर दिया गया। 90% से अधिक जानकारियां भी एकत्रित हो चुकी है फिर भी मतदाताओं की सुविधा के लिए 18 दिसंबर तक तिथि में बढ़ोतरी कर दी गई है। बीएलओ घर-घर पहुंच कर फार्म संग्रहण का कार्य कर रहे हैं। आधी अधूरी जानकारी देने से बीएलओ की परेशानियों में बढ़ रही है। मतदाता पुनरीक्षण का कार्य सुनिश्चित कराने बड़े पैमाने गणना पत्रक बांटे गए हैं।



### एप के जरिए भी भरा जा सकता है गणना पत्र

छत्तीसगढ़ के सभी मतदाताओं से मतदाता सूची में दर्ज अपने नाम को सत्यापन कराने के लिए मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाईन तरीके से गणना पत्र भरा जा रहा है। इसकी भी जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही संबंधित मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास भी ऑफलाईन माध्यम से गणना पत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भर कर जमा कराए जा रहे है। इसकी भी व्यवस्था की गई है। मतदाता सूची वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

### 23 को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन

निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक गणना पत्रक जमा करने की तिथि 18 दिसंबर तक कर दी गई है। अब 23 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 23 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 7 फरवरी तक पूरी तरह से प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, इसके बाद 14 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# राटापाली में निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन



**नर्रा**। ग्राम पंचायत राटापाली में सामुदायिक भवन एवं नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नितिन जैन मंडल अध्यक्ष कोमाखान, जनपद सदस्य लोचन पटेल, पीलेश्वर पटेल, स्थानीय सरपंच पूर्णिमा सोनवानी उपस्थित रहे। सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी ने धरती माता की पूजा अर्चन व नारियल तोड़कर एवं गैती चलाकर भूमिपूजन किया। इस दौरान ग्रामवासियों ने मिडिल स्कूल भवन बनाने की मांग रखी, जिस पर चौधरी ने ग्रामीणों को स्कूल भवन के लिए राशि स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान जगदीश पटेल, गोपाल किशन पटेल, नवीन पटेल, परमेश्वर सोनवानी, परमेश्वर पटेल, राधे पटेल, एकता पटेल, दीपिका पटेल, मानबाई, केवरा बाई आदि मौजूद रहे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
12 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
शोले री रीलीज
शो समय - 11:45 PM
धुरंधर
शो समय - 12:00,3:00, 6:45, 9:00 PM
किस किस को प्यार करू- 2
शो समय - 3:45 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी ने चलाया नशा मुक्त भारत अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा नशा मुक्त विकसित भारत अभियान के अंतर्गत रविवार को बाईपास स्थित सांवरा बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आरती एवं विजय मंत्र के साथ हुआ तथा शांति पाठ के साथ समापन किया गया।

■ सामूहिक प्रतिज्ञा और शांति पाठ के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजिका आरती सराफ ने की। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष परमेश्वरी पटेल ने मुख्य उद्बोधन देते हुए कहा कि जब तक नशे को जड़ से समाप्त नहीं किया जाएगा तब तक परिवार और समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने नशे को "नाश की जड़" बताते हुए सभी से नशा न करने और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को नशा न करने की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई गई। जिला संयोजिका आरती सराफ ने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक अभियानों में सहयोग की अपेक्षा की। अंत में उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया।

## सांवरा बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आरती सराफ जिला संयोजिका, परमेश्वरी पटेल नगर उपाध्यक्ष, लता वर्मा सत्संग प्रमुख, शांति साहू सेवा प्रमुख, ममता टिकरिया दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका, किरण साहू सह संयोजिका सहित सांवरा बस्ती की पंच प्रमुख, बड़ी संख्या में बच्चे, युवा एवं मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### देवकी ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

**भंवरपुर।** ग्राम पंचायत उडेला में मुख्य सड़क से रंगमंच मुख्य चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया द्वारा भूमिपूजन किया गया। विशिष्ट अतिथि रिंकू प्रीतम सिदार पूर्व जनपद सदस्य, संतराम निषाद अध्यक्ष सहकारी समिति, सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर, ब्रिजेंद्र सिदार सेवानिवृत प्राचार्य थे। देवकी ने कहा कि दूरस्थ अंचल के ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। सीसी रोड बनने से स्थानीय ग्रामवासियों को आवागमन के लिए बेहतर सुविधा मिल पाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के परस्पर सहयोग से ही ग्रामों का चहुमुखी विकास होगा। कार्यक्रम में सरपंच किशोर कुमार चौहान, उपसरपंच अनुसुईया सिदार, पंच दशोदा चौहान, मोतीनबाई एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### एकता और सनातनी संस्कृति पर हिंदू सम्मेलन 25 को

**सरायपाली।** नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है, जिसमें हिंदुत्व की एकता और सनातनी संस्कृति पर केंद्रित संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरुकता और सनातन मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए नगर स्तर पर संयोजक मंडल का गठन किया गया है। जिसमें संयोजक प्रखर अग्रवाल, सह संयोजक स्वर्णसिंह सलूजा, अनिता चौधरी, कार्यक्रम प्रमुख निखिल कानूनगो, सह प्रमुख (कार्यक्रम) प्रकाश हमदेव, महावीर भोई, व्यवस्थापन प्रमुख भरत अग्रवाल, सह प्रमुख (व्यवस्थापन) प्रदीप प्रधान, गुड्डू जायसवाल, में विपिन उपोवेजा, संजय शर्मा ।मिल है।

## कार्यक्रम : सेजेस भटगांव में पांच दिवसीय आयोजन

# प्राथमिक के छात्रों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर के विद्यालय प्रेम भवन प्रताप सिंह आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों की पढ़ाई को रुचिकर बनाने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तरह तरह के उपाय किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब कक्षाओं के बच्चों को चित्र चार्ट के माध्यम से पढ़ाई कराए जाने पर जोर दिया जा रहा है। चित्र चार्ट जरिए बच्चों की विषय वस्तु में समझ तेजी से विकसित होती है। लंबे समय तक मस्तिष्क में बनी भी रहती है। इसके अलावा खेल खेल में पढ़ाई किए जाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इन दोनों तकनीक से बच्चे जल्दी भी सीखते हैं। इन्हीं तकनीक को लेकर प्राथमिक कक्षा पढ़ाने वाले शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सेजेस भटगांव में आयोजित किया गया है।

### चित्र चार्ट तथा खेल खेल में बच्चों की पढ़ाई पर फोकस



### ग्रुप स्टडी पर भी दे रहे हैं जोर

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि बच्चों को सीखने का एक बड़ा प्लेटफॉर्म ग्रुप स्टडी भी है। इस ग्रुप में मध्यम स्तर तथा उसके ऊपर व नीचे स्तर के बच्चों को शामिल किया जाता है। निचले स्तर के बच्चे ग्रुप में शामिल अन्य बच्चों के साथ विषय वस्तु को लेकर डिस्कशन करते हैं। तब उनकी समझ बढ़ती है। ग्रुप स्टडी का यही कांसेप्ट है।

### शिक्षकों के व्यक्तित्व का बच्चों पर प्रभाव

डीईओ ने कहा कि शिक्षकों के व्यक्तित्व का गहरा प्रभाव बच्चों के मस्तिष्क पर पड़ता है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों के प्रति अपनी नाराजगी एवं शोकाज नोटिस तथा वेतन रोकने की भी बात कही। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अरूण देवांगन, मनोज कश्यप, पुष्पा साहू ने बारी-बारी से प्रशिक्षण की बारीकी से बारीकियां बताई। इस दौरान प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों ने भी अपना प्रेजेंटेशन दिया।

प्रशिक्षण के चौथे दिन जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया स्कूल निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल पहुंचे। चौथे दिन के प्रशिक्षण की शुरुआत विधिवत मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न गतिविधियों के आधार पर बच्चों को सिखाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहाड़ा, धाराप्रवाह, पढ़ाई श्रुति, लेख पर विशेष जोर दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर की पढ़ाई शिक्षकों के लिए एक बड़ी चुनौती होती है। इस वजह से बच्चों को बुनियादी शिक्षा दिए जाने विशेष परिश्रम करना पड़ता है।

# डॉ. जेके आडिल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पोस्टर का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

डॉ.जेके आडिल चैंपियंस ट्रॉफी, प्रायोजित चेंबर ऑफ कामर्स का मिलन क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे वर्ष का आयोजन 10 जनवरी को कल्याण क्लब मैदान नयापारा वार्ड में होगा। जिसका फाइनल मैच रंगारंग कार्यक्रमों के साथ गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को होगा। प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन अमरजीत सिंह सलूजा के ओप्पो मोबाइल डीलर के शोरूम , सिटी सेंटर माल के सामने किया गया । जिसमें अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, डॉ. विकास आडिल, चैबर ऑफ कामर्स प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीचंद छाबड़यिा, नगर ईकाई अध्यक्ष गोमुख गंगवानी, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सोनी, संरक्षक गिरधर गोविंदानी, मिलन क्रिकेट क्लब एवं चेबर उपाध्यक्ष अमरजीत सलुजा उपस्थित रहे,।

■ मिलन क्रिकेट क्लब समिति के रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा के तीसरे वर्ष का आगाज

पोस्टर का विमोचन एवं डॉ.जेके आडिल की जीवनी एवं प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण पहलुओ को संबोधन के माध्यम से अतिथियों ने सभी के बीच रखा। अतिथियो ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में अश्वनी शर्मा, डॉ. विकास आडिल, बृजकिशोर अग्रवाल, कोमल शर्मा, अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलुजा, उपाध्यक्ष बजरंग ध्रुव, के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# केशरवानी समाज ने किया स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

रविवार को शिवरीनारायण के केशरवानी कल्याण भवन में केशरवानी मित्र मंडल,श्याम हॉस्पिटल बिलासपुर, संकट मोचन ब्लड सेंटर,एवं केशरवानी डेंटल क्लीनिक के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लोगो ने बढ़चढ़ कर योगदान दिया। इस स्वास्थ्य शिविर में तक़रीबन 293 लोगो ने स्वास्थ्य लाभ लिया जिसमे 90 लोगो ने रक्तदान किया एवं 203 लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।सभी ने इस शिविर को एवं उपस्थित डॉक्टरों के सहयोग की सराहना की।



श्याम हॉस्पिटल के संचालक डॉ अभिलेश केशरवानी ने कहा कि यह शिविर बहुत ही सफल रहा और आशा करते है केशरवानी मित्र मंडल नित नये ऐसे ही परोपकारी कार्यों का क्रियान्वयन करते रहें। इस आयोजन को सफल बनाने में केशरवानी मित्र मंडल के सदस्यों पार्थ केशरवानी, चिराग केशरवानी, नितेश केशरवानी, प्रांशु केशरवानी, गौरव ( दादू) केशरवानी, रुपेश केशरवानी, नागेश केशरवानी, अमन केशरवानी, वासु केशरवानी, उपेंद्र केशरवानी, रितेश केशरवानी आदि सदस्यों ने अपना योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# पलारी में राजस्व कार्यालय का नया भवन तैयार

**बलौदाबाजार ।** पलारी क्षेत्रवासियों के लिए राहत और खुशी की खबर है। पलारी अनुविभाग के राजस्व विभाग का एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय अब अपने नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित होने जा रहे हैं। सोमवार, 15 दिसंबर सोमवार से एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का संचालन कृषि उपज मंडी के पीछे, कस मंडी मार्ग स्थित नए भवन से किया जाएगा।नए भवन में कार्यालय शिफ्ट होने से आम नागरिकों, पक्षकारों और अधिवक्ताओं को सुविधाजनक वातावरण में सेवाएं मिल सकेंगी। इससे राजस्व से जुड़े कार्यो जैसे आवेदन, सुनवाई, दस्तावेजी कार्य में भी सुगमता आएगी। एसडीएम दीपक कुंजाम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय भवन का वर्चुअल लोकार्पण 10 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया था। लोकार्पण के पश्चात अब 15 दिसंबर से राजस्व विभाग के सभी कार्य नए भवन से ही संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नए कार्यालय में स्टांप वेंडर, नोटरी, अधिवक्ता सहित संबंधित सभी सेवाएं यहीं उपलब्ध रहेंगी, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक कार्य पूरे करने में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि राजस्व अनुविभाग पलारी के अंतर्गत उप तहसील संडी क्षेत्र भी शामिल है। नए भवन में कार्यालय संचालन से पूरे अनुविभाग के लोगों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

■ नागरिकों और अधिवक्ताओं के लिए सुविधा में वृद्धि

# युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत मुंडा के मेन रोड सामाजिक भवन में 14 तारीख रविवार 12:00 बजे परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के समस्त पदाधिकारी ग्राम प्रमुखों का बैठक रखा गया जिसमें राम दरबार में श्री रामचंद्र जी की सरदार वल्लभभाई पटेल वीर शिवाजी महाराज की छायाचित्र पर पुष्पमाला श्रीफल गुलाल लगाकर पूजा अर्चना किया गया और बैठक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

छत्तीसगढ़ परगिया कूर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष व सभी पदाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ सर्वे कुर्मी समाज के द्वारा केशव वर्मा को युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष बनाये जाने पर पुष्पमाला व साल से सम्मानित किया गया । वह 20 व 21 दिसंबर को सर्व कुर्मी समाज का दो दिवसीय संज्ञा सम्मेलन शक्ति में रखा गया है जिसमें सम्मिलित होने के लिए सभी ग्राम प्रमुखों को अपने-अपने गांव के लोगों को ले जाने की व्यवस्था बनाने को कहां गया।

### ये रहे सम्मिलित

जिसमें सम्मिलित छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, सचिव जीवराखन, सह सचिव नंदराम वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर वर्मा, लोकपाल धरमलाल वर्मा, परसराम, परमानंद, देव प्रसाद वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा, विशेष सलाहकार सरोज वर्मा, कोमल प्रसाद वर्मा, कार्यकारिणी अशोक वर्मा, लोमस वर्मा, चंद्र विष्णु, गनपत, ओम प्रकाश, चैतराम, ग्राम प्रमुख अशोक वर्मा, समरू, टीकाराम, रवि शंकर वर्मा, डिगेश वर्मा, रामकृपाल, पुरषोत्तम वर्मा, राजू लाल, प्रभु दयाल, शंकर वर्मा सहित सामाजिक जन सम्मिलित रहे ।

# विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय पर आधारित शिक्षकों का प्रशिक्षण है जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा डीआईईटी के निर्देशानुसार पलारी के बीआरसी भवन में विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पैटर्न पर पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों को कक्षा 6 वी विषय आधारित है जिनमे विद्यार्थियों का कौशल विकसित करना है तथा विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना और समस्याओं के समाधान के लिए क्षमता विकसित हो सके शिक्षा विभाग के इसी सोच के तहत नया पाठ्यक्रम का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है । पलारी में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन समाज का अध्ययन बीआईजी जोशी बाग, मेघराम जायसवाल एवं राजकुमार सिरदार के साथ-साथ सभी शिक्षक प्रशिक्षणार्थि उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।




# एक राष्ट्र-एक चुनाव से साधन की होगी बचत, लोकतंत्र होगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन द्वारा एक राष्ट्र - एक चुनाव विषय पर कमलाकांत शुक्ल इंस्ट्रीटीयूट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस विषय पर अपने विचार रखे।

■ राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने रखे विचार

संगोष्ठी में विशेष रूप में अविनाश शर्मा, श्रेणीक गोलछा, आशीष टोडर, अभिषेक मिश्रा, पीयूष साहू, सुरेंद्र डागोर ने भाग लिया। इस दौरान अविनाश शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र - एक चुनाव न केवल संसाधनों की बचत करेगा बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और सुशासन की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगा।

अविनाश शर्मा ने कहा कि अब समय आ गया है जब लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च, बार-बार होने वाले चुनाव और राजनैतिक अस्थिरता की बेड़ियों से मुक्त किया जाए। आर्थिक नीतियों में निरन्तरता, व्यापार और रोजगार को गति देने के लिए एक देश-एक चुनाव समय की मांग है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए लोकमत तैयार करना है, ताकि भारत को वैभवशाली और विकसित राष्ट्र बनाने की इस मुहिम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने देश हित के इस विचार को जन समर्थन देने का निर्णय लिया।



जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| बलौदाबाजार शहर | 5 पद | योग्यता |
| भाटापारा शहर | 5 पद | 12वीं से स्नातक |
| कसडोल | 2 पद | वेतन |
| बिलाईगढ़ | 2 पद | 15000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, बिलाईगढ़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो,डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : अंबेडकर चौक, बजरंग होटल के सामने, बलौदाबाजार, मो. 9926204007
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)